

दमण से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

Asli Azadi Dainik @AsliAzadiDainik

www.asliazadi.com

# असली आज़ादी

SINCE 2005

■ वर्ष: 19, अंक: 199 ■ दमण, रविवार 05 मई 2024, ■ पृष्ठ: 8 ■ मूल्य: 2 रु ■ RNI NO-DDHIN/2005/16215 ■ संपादक- विजय जगदीशचंद्र भट्ट


## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दमण की जनसभा में भाजपा उम्मीदवार लालू पटेल और कला डेलकर के लिए मांगा समर्थन

# कमल के निशान पर दिया गया आपका एक-एक वोट नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का काम करेगा : अमित शाह

■ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मोदी सरकार में संघ प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली और दमण-दीव में हुए विकास कार्यों का किया उल्लेख, कहा : प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है














असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 04 मई। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने शनिवार को दमण-दीव लोकसभा सीट के भाजपा उम्मीदवार लालू पटेल और दादरा नगर हवेली लोकसभा सीट की भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर के लिए दमण में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर अमित शाह ने संघ प्रदेश थ्रीडी के भाजपा के दोनों उम्मीदवारों के लिए जनता का समर्थन मांगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस चुनाव में एक ओर चाँदी का चम्मच लेकर पैदा होने वाले राहुल गाँधी हैं और दूसरी ओर चाय बेचने वाले गरीब घर में पैदा हुए नरेन्द्र मोदी हैं। एक ओर 23 साल से बिना छुट्टी के देश सेवा में लगे नरेन्द्र मोदी हैं जो दीपावली में भी सरहदों पर जवानों के साथ दीपावली मनाते हैं, तो दूसरी ओर गर्मियों के बढ़ते ही थाईलैंड और बैंकॉक जाकर छुट्टियाँ मनाने वाले राहुल गाँधी हैं। एक ओर 12 लाख करोड़ रुपये के घोटाले करने वाली इंडी अलायंस है और दूसरी ओर 23 साल से मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के पद पर रहने वाले नरेन्द्र मोदी हैं जिन पर आज तक 25 पैसे का आरोप नहीं लगा है। एक ओर तुष्टीकरण की राजनीति करने वाली कांग्रेस है जिसने SC, ST, और OBC के आरक्षण पर डाका डालकर मुसलमानों में बाँट दिया तो दूसरी ओर SC, ST, और OBC के आरक्षण को मजबूती से बचाने वाली भारतीय जनता पार्टी है। कमल के निशान पर दिया गया आपका एक-एक वोट नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के काम करेगा। मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब है देश से नक्सलवाद और आतंकवाद का खात्मा। मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब है देश की अर्थव्यवस्था को तीसरे नंबर पर लाना। उन्होंने कहा कि खड़गे जी कहते हैं कि राजस्थान और दमण और दीव या देश के बाकी हिस्सों का कश्मीर से क्या वास्ता है? खड़गे जी को मालूम नहीं है कि दमण और दीव का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान दे सकता है। सालों से कांग्रेस पार्टी धारा 370 को अनाथ बच्चे की तरह पाल कर बैठी थी। मोदी जी ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को समाप्त कर कश्मीर को हमेशा के लिए भारत का हिस्सा बना दिया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद दशकों तक कांग्रेस ने राम मंदिर मुद्दे को अटका कर रखा था। मोदी जी ने केस भी जीता, भूमिपूजन भी की और 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर में रामलला का प्राण-प्रतिष्ठा भी कर दिया। 500 साल के बाद इस बार पहली बार रामनवमी में सूर्य तिलक के साथ रामलला का जन्मदिन मनाया गया। तुष्टीकरण और वोट बैंक के चलते कांग्रेस के सभी नेताओं ने प्राण-प्रतिष्ठा के आमंत्रण को ठुकरा दिया। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी ने डंके की चोट पर माँ काली का शिखर भी सजाया, काशी विश्वनाथ का कॉरिडोर भी बनाया और अब सोमनाथ का मंदिर भी सोने का बनने जा रहा है। अमित शाह ने कहा कि बीते 10 वर्षों में नरेन्द्र मोदी जी ने गरीब कल्याण के लिए ढ़ेर सारे काम किए हैं। 80 करोड़ गरीबों को प्रति माह प्रति व्यक्ति 5 किलो मुफ्त अनाज देने का काम, 12 करोड़ शौचालय बनाने का काम, 4 करोड़ लोगों को आवास देने का काम, 10 करोड़ लोगों को उज्ज्वला का कनेक्शन देने का काम, 14 करोड़ लोगों को नल से जल देने का काम नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। 60 करोड़ गरीबों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। मोदी सरकार ने 130 करोड़ लोगों को कोरोना के दोनों टीके लगाकर देश को सुरक्षित करने का काम किया है। कोरोना के संकट में भी राहुल गांधी दुष्प्रचार कर रहे थे कि टीका मत लगाओ, यह मोदी टीका है। लेकिन देश की जनता ने एक नहीं सुनी। लोगों को देखते हुए एक दिन अंधेरे में राहुल गांधी भी टीका लगवाकर आ गए। कोरोना जैसी महामारी के समय भी राहुल गांधी राजनीति करने से बाज नहीं आए। उन्होंने कहा कि राहुल गाँधी पहले अमेठी से लड़ते थे, लेकिन स्मृति ईरानी से हारने के बाद वायनाड गए और अब रायबरेली से लड़ रहे हैं। राहुल गाँधी रायबरेली में भी बुरी तरह से हारने वाले हैं। मोदी जी ने एक बार चंद्रयान लॉन्च किया और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक लैंड भी कर दिया। सोनिया गाँधी ने 20 बार राहुल गाँधी नाम के यान को लॉन्च किया लेकिन यह यान लैंड ही नहीं हो रहा है, अब यह 21वाँ ट्रायल भी लैंड किए बगैर क्रैश करने वाला है। उन्होंने कहा कि इंडी अलायंस में से राहुल गांधी, शरद पवार, ममता बनर्जी, स्टालिन, अखिलेश यादव या लालू यादव कोई भी प्रधानमंत्री नहीं बन सकते हैं या फिर हर साल बारी-बारी प्रधानमंत्री बनेंगे। इंडी अलायंस में न नेता है, न नीति है न नीयत है। भारत को मजबूर नहीं बल्कि मोदी जी जैसा मजबूत नेतृत्व चाहिए। केवल और केवल भाजपा के नेता नरेन्द्र मोदी हैं जो प्रधानमंत्री बनकर देश को संभाल सकते हैं। पाकिस्तान को मुँहतोड़ जवाब सिर्फ और सिर्फ नरेन्द्र मोदी दे सकते हैं। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस के कारण ही दमण और दीव को देर से स्वतंत्रता मिली। नरेन्द्र मोदी ने दमण और दीव में पर्यटन को बढ़ावा दिया। आज दमण और दीव में ईज ऑफ टूरिज्म को बढ़ावा मिला है। दमण और दीव में नए एयरपोर्ट बन रहे हैं। दीव आज स्वच्छ ऊर्जा से चलने वाला जिला बन गया है। 300 बिस्तरों वाला नया सरकारी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज का निर्माण मोदी सरकार में हुआ है। यहाँ से अहमदाबाद और सूरत के लिए हवाई सेवा की शुरुआत हुई। सोमनाथ और दमण के बीच भी हवाई सेवा की शुरुआत मोदी सरकार ने किया है। दमण और दीव के 8,000 मछुआरों को बायोमैट्रिक कार्ड देने का काम नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। मोदी सरकार में आज दमण और दीव विकास के पथ पर अग्रसर है। अंत में उन्होंने 400 पार के साथ कमल खिलाने और मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया। इस जनसभा को दमण-दीव लोकसभा सीट के भाजपा उम्मीदवार लालू पटेल और दादरा नगर हवेली लोकसभा सीट की उम्मीदवार कला डेलकर ने भी संबोधित कर जनता का समर्थन मांगा। इस अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का संघ प्रदेश थ्रीडी के भाजपा पदाधिकारियों और उद्योगजगत की ओर से स्वागत किया गया। इस जनसभा में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, भाजपा के समर्थकों और बडी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही।

# दानह लोकसभा सीट की भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर ने सिलवासा नगरपालिका के आदिवासी विस्तारों में किया चुनाव प्रचार






असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा 04 मई। दादरा नगर हवेली लोकसभा सीट की भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर ने सिलवासा नगरपालिका के आदिवासी विस्तारों में आज जोरदार चुनाव प्रचार किया। इस अवसर पर अथोला, डोकमरडी, बालदेवी एवं भुरकुड फलिया में चुनाव प्रचार किया गया। इस दौरान आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर ने कहा कि उद्योगों में दानह के युवाओं को नौकरी मिले इस पर खास ध्यान रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि सिलवासा की जनता को शुद्ध पानी की सप्लाई नियमित मिलती रहे, तमाम वॉर्डों में गटर की अच्छी व्यवस्था हो, नियमित बिजली सप्लाई मिलती रहे ऐसी व्यवस्था प्रशासन से कराने के लिए कटिबद्ध रहूंगी। चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में नगरपालिका के आदिवासी विस्तारों में भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए मतदाताओं से अपील की। इस चुनाव प्रचार के दौरान नगरपालिका के सदस्यों में सुमन पटेल, मीनाबेन, जयश्रीबेन, कमलेश पटेल, भाजपा पदाधिकारी अनिल दिक्षीत, द्वारकानाथ पांडे, जिगीषा पटेल, जया पटेल, डेलकर संगठन के वरिष्ठ नेता भरत पटेल सहित अनेक अग्रणी शामिल रहे।

# कांग्रेसी नेता नरसिंह चारणिया ने निर्दलीय उम्मीदवार उमेश पटेल को दिया समर्थन

■ निर्दलीय उम्मीदवार उमेश पटेल की वणाकबारा में निकली चुनावी रैली में कांग्रेसी नेता नरसिंह चारणिया अपने समर्थकों के साथ शामिल होकर समर्थन देने का किया इजहार : निर्दलीय उम्मीदवार उमेश पटेल के समर्थकों ने नरसिंह चारणिया का किया स्वागत







असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 04 मई। दमण-दीव कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नरसिंह चारणिया ने आज दमण-दीव लोकसभा सीट के निर्दलीय उम्मीदवार उमेश पटेल को समर्थन दे दिया। दीव के वणाकबारा में निर्दलीय उम्मीदवार उमेश पटेल के चुनाव प्रचार के लिए समर्थकों द्वारा रैली निकाली गई थी। इसी दौरान कांग्रेसी नेता नरसिंह चारणिया ने अपने समर्थकों के साथ निर्दलीय उम्मीदवार उमेश पटेल की चुनावी रैली में शामिल होकर समर्थन देने का इजहार किया। इस अवसर पर उमेश पटेल के समर्थकों ने नरसिंह चारणिया और उनके साथियों का स्वागत किया। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नरसिंह चारणिया द्वारा निर्दलीय उम्मीदवार को समर्थन दे देने से दमण-दीव कांग्रेस को झटका लगा है। कांग्रेस नेता द्वारा निर्दलीय उम्मीदवार उमेश पटेल को समर्थन दे देने से समीकरण में बदलाव दिख सकता है।

# दीव में कार्यरत अन्य राज्यों के मतदाताओं का पोस्टल बैलेट पेपर/डाक मतपत्र सुविधा से कराया गया मतदान

असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 04 मई। आगामी लोकसभा सामान्य चुनाव 2024 के मद्देनजर संघ प्रदेश दीव में कार्यरत अन्य राज्यों के मतदाताओं को मतदान की सहज सुविधा प्रदान करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समाहर्तालय में मामलतदार, धर्मेश दमणिया और निर्वाचन प्रकोष्ठ के अधिकारियों की देखरेख में पोस्टल बैलेट पेपर/डाक मतपत्र सुविधा केन्द्र की व्यवस्था की गई थी। जहां मतदाताओं को पोस्टल बैलेट पेपर/ डाक मतपत्र के जरिए मतदान की सुविधा प्रदान की गई। यह सुविधा 01 मई 2024 से 04 मई 2024 तक जारी रही। ज्ञात हो कि 4 मई 2024 को सिलवासा से प्राप्त कुल 20 डाक मतपत्रों में से 18 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट पेपर/डाक मतपत्र के जरिए मतदान किया और पोस्टल बैलेट पेपर/ डाक मतपत्र के जरिए मतदान की सुविधा से लाभान्वित हुए जबकि 02 मतदाता अनुपस्थित रहे। दमण-दीव से 04 मई 2024 को 01 मतदाता ने डाक मतपत्र के जरिए मतदान किया।

## त्रीजी पुण्यतिथिए श्रद्धांजलि



**स्व. बालुभाई कानजीभाई पटेल**

**स्व. ता. ०५/०५/२०२१**

જીવન એવું જીવી ગયા કે સૌ જોયા કરે, કાર્યો સદા એવા કર્યા કે સૌના હૃદયમાં ગુંજ્યા કરે, દુ:ખથી કદી ડર્યા નહી, વ્યવહાર કદી ચૂક્યા નહી, સુખ દુ:ખમાં સદાય હસતા રહ્યા. પ્રભુ આપના દિવ્ય આત્માને પરમ શાંતિ અર્પે એજ પ્રાર્થના.

લિ.

ગં. સ્વ. શાંતીબેન બાલુભાઈ પટેલ — ભારતીબેન જેયંતિભાઈ પટેલ (પુત્રી)
કાન્તીભાઈ બાલુભાઈ પટેલ (પુત્ર) — મીનાબેન ભરતભાઈ પટેલ (પુત્રી)
ઉષાબેન રમેશભાઈ પટેલ (પુત્રી) — ધનુબેન યોગેશભાઈ પટેલ (પુત્રી)

નિવાસસ્થાન - કુંભાર ફળિયા, ડાભેલ, નાની દમણ

# वात्सल्य स्कूल मोटी दमण में बच्चों को दी गयी कानूनी जानकारी




असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 04 मई। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण दमण-दीव के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दमण श्री श्रीधर एम. भोंसले के मार्गदर्शन और राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के को-मेम्बर सेक्रेटरी एवं सिविल जज सीनियर डिवीजन एवं मुख्य न्यायाधीश श्री पवन एच. बनसोड की अध्यक्षता में मोटी दमण के वात्सल्य स्कूल में आज कानूनी जागरुकता कैम्प का आयोजन किया गया। राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण दमण और एडवोकेट बार एसोसिएशन के सहयोग से आज सुबह 9.45 बजे वात्सल्य स्कूल में आयोजित कानूनी जागरुकता कार्यक्रम में बच्चों को कानूनी जानकारी दी गयी। इस अवसर पर सिविल जज सीनियर डिवीजन एवं मुख्य न्यायाधीश श्री पवन एच. बनसोड ने बच्चों को भारतीय संविधान में दिये गये अनेक अधिकारों के बारे में बताया। इस दौरान उन्होंने मौलिक अधिकार, समानता का अधिकार, मानवाधिकार एवं शिक्षा का अधिकार के बारे में जानकारी दी। साथ ही बच्चों को उदाहरण देते हुए तोल मोल कर बोल की भी सीख दी। उन्होंने बताया कि हम अपनी वाणी से दुश्मन को भी दोस्त बना सकते है, इसलिए सोच विचार कर ही बोलना चाहिए। इस दौरान वकील स्मीता गोहिल ने बच्चों के लिए यातायात नियम और ई-वाहनों के प्रति जागरुकता के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। वकील उदय पटेल ने पोक्सो अधिनियम के बारे में कानूनी जानकारी दी। वकील अल्पा मोदी ने बाल अधिकारों और पीडित मुआवजा योजना के बारे में बच्चों को बताया। कार्यक्रम का संचालन वकील संजय पटेल ने किया। इस कार्यक्रम में वात्सल्य स्कूल मोटी दमण के संचालक अपूर्व पाठक, निदेशक निमिषा पाठक, इंचार्ज प्रिंसिपल ए. सुब्बा राव, शिक्षकों एवं बडी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।


## दमण और दादरा नगर हवेली को अपनी कर्मभूमि बनाने वाले प्रवासी बंधु मतदाताओं से अपील

### 7 मई को दमण-दीव और दादरा नगर हवेली लोकसभा सीटों के लिए अधिक से अधिक संख्या में करें मतदान

दमण और दादरा नगर हवेली को अपनी कर्मभूमि बनाने वाले हमारे प्रवासी बंधु मतदाताओं को हमारा प्रणाम। आप सभी जानते ही हो कि लोकसभा का चुनाव चल रहा है। हमारे संघ प्रदेश थ्रीडी की दमण-दीव लोकसभा सीट और दादरा नगर हवेली लोकसभा सीट पर 7 मई 2024 को मतदान होना है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सभी मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर हमारा फर्ज और जिम्मेदारी को निभाना है। लोकतंत्र में वोट की ताकत अद्भूत है। आपके द्वारा वोट के माध्यम से दिया गया जनादेश ही इस संघ प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, औद्योगिक, सामाजिक और आर्थिक उन्नति को आगे बढा सकता है। आप सभी से निवेदन है कि संघ प्रदेश थ्रीडी के विकास, सुरक्षा, सामाजिक समरसता एवं प्रदेश और देश के उज्जवल भविष्य के लिए अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। देश के संविधान ने देशवासियों को मत का अधिकार दिया है इस अधिकार का विवेकपूर्वक उपयोग करें और विश्व में भारत के बढते प्रभाव को आगे बढाकर देश को विश्वगुरु बनाने के लिए अपने अमूल्य मत का प्रयोग करें।



**छोडो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान।**



**पवन अग्रवाल**
पूर्व अध्यक्ष
दमण इंडस्ट्रीज एसोसिएशन



**अजीत यादव**
अध्यक्ष
सिलवासा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन



**पी. के. सिंह**
कोषाध्यक्ष
दमण इंडस्ट्रीज एसोसिएशन



**आर. के. शुक्ला**
पूर्व कोषाध्यक्ष
दमण इंडस्ट्रीज एसोसिएशन



चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

सत्यमेव जयते U.T. Administration of Dadra & Nagar Haveli and Daman & Diu

SVEEP
Dadra & Nagar Haveli District, DNH&DD

## अपने मत का प्रयोग करने से पहले अपना उम्मीदवार जानिए




योग्यता, कार्य अनुभव
सम्पत्ति/देनदारिया और अपराधिक
पूर्ववृत (यदि कोई हो तो)

KYC KNOW YOUR CANDIDATE
Download The App Now

विवरण वोटर हेल्पलाइन मोबाइल ऐप पर उपलब्ध है।
डाउनलोड करने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

जानकारी के लिए विकल्प चुनें।

Election Department Dadra & Nagar Haveli SVEEP

मतदान दिनांक : 07/05/2024

जिला निर्वाचन अधिकारी, दानह
https://deo.dnh.gov.in/
ceo_dadra@eci.gov.in
Control Room no. – 1077

हेल्पलाइन 1950
कोई मतदाता पीछे न छूटे
@ECI @ECISveep @ECISveep


स्वामी: मारुतिनंदन पब्लिक, संपादक, प्रकाशक व मुद्रक विजय जगदीशचंद्र भट्ट द्वारा गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल, नानी दमण - 396210 से प्रकाशित तथा असली आजादी प्रेस गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल नानी दमण - 396210 से मुद्रित।
(समाचारों के चयन के लिए संपूर्ण जिम्मेदारी पीआरबी एक्ट के अंतर्गत संपादक की होगी। किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र दमण न्यायालय के अधीन होगा।)